9.5 साल में मजबूत हुआ भारत, देश के निर्णय पर रहती दुनिया की नजर: पंकज चौधरी

मेरठः शहर में शुक्रवार शाम को एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पीएम मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां गिनाईं. उन्होंने कहा कि 9.5 साल में पीएम मोदी ने भारत को उस स्थान पर पहुंचाया है कि आज दुनिया के लोग भारत की तरफ देखते हैं कि क्या निर्णय हो रहा है. उन्होंने कहा कि जिस भारत को कभी यूएन में जगह नहीं मिलती थी, आज प्रधानमंत्री के कहने पर 100 से ज्यादा देश योगा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पीएम ने लक्ष्य तय किया है कि 2027 तक देश की अर्थव्यवस्था 2027 तक पांच ट्रिलियन और 2047 तक देश विकसित होगा.

केंद्रीय केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी शुक्रवार शाम मेरठ पहुंचे थे. इस मौक़े पर फेडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल मीडियम एंड माइक्रो एंटरप्राइजेज (FISME) के साथ मेरठ सिटीजन फोरम (MCF) द्वारा 2027 तक मेरठ की जीडीपी को चौगुना करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की. इस मौके पर उन्होंने मेरठ की जीडीपी चार गुना करने के लक्ष्य पर आधारित स्टडी बुक का विमोचन किया.

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है. उन्होंने कहा कि वह मानते हैं कि ज़ब तक सभी का कल्याण नहीं होगा तब तक देश विकसित राष्ट्र नहीं बनेगा. उन्होंने कहा कि हमारे यहां नौजवानों की कमी नहीं है, उन्हें काम मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि 6.5 करोड़ लोगों को अभी तक ट्रेनिंग दी जा चुकी है. लक्ष्य है कि कम से कम दस करोड़ लोगों को ट्रेनिंग दी जाए. सिर्फ ट्रेनिंग ही नहीं दी जाए बल्कि अगर देखें तो उनके लिए मुद्रा योजना, मुद्रा लोन की भी व्यवस्था की गई है. अब तक मुद्रा योजना से 38 करोड़ लोगों को लोन दिया गया है.

उन्होंने कहा कि देश को मज़बूत करने की नींव प्रधानमंत्री रहते हुए अटल बिहारी बाजपेयी ने रखी थी. उन्होंने उस वक़्त जो लक्ष्य रखे थे, उनकी पूर्ति मोदी कर रहे हैं. वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य है कि गरीबों के जीवन से सरकार कभी हटनी नहीं चाहिए. संपन्न लोगों के जीवन में सरकार का दखल कम होना चाहिए. भारत हमेशा समृद्ध समाज का हिस्सा रहा है, कृषि और कौशल दोनों के आधार पर भारत आगे बढ़ रहा है.

उन्होंने कहा कि पिछले 100 वर्षों में अगर देखें तो विदेशी शासकों ने कहीं ना कहीं भारत को पीछे धकेलना का काम किया है. हमारी शिक्षा व्यवस्था ने भी केवल कहीं न कहीं बाबू बनाने का काम किया है. नई शिक्षा नीति से बड़ा परिवर्तन आने वाला है. उन्होंने कहा कि 9.5 साल पहले वोट और क्षेत्र देखकर नीतियां बनती थीं. अब बिना किसी भेदभाव के विकास हो रहा है. पीएम मोदी गरीबों की स्थिति में सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं. पीएम नरेंद्र मोदी जहां एक तरफ शौचालय की परिकल्पना करते हैं वहीं दूसरी तरफ बुलेट ट्रेन चलाने की भी क्षमता रखते हैं. 9.5 साल में पीएम मोदी ने भारत की पहचान बदलने का काम किया है. कोविड के बाद से भारत बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है. जिस देश ब्रिटेन ने सैकड़ों साल हम पर राज किया आज भारत ने उसे पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर लिया है.